### एक नजर में

## 15 अगस्त की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**बुरहानपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मुख्य कार्यक्रम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में नगर निगम सहित संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। स्वतंत्रता दिवस समारोह मुख्य कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर में आयोजित रहेगा। इस बार मुख्यमंत्री संदेश वाचन का सीधा प्रसारण राज्य स्तरीय मुख्य समारोह से जिला स्तर पर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, एडिशनल एसपी अंतर सिंह कनेश, एसडीएम अजमेर सिंह गौड़, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजस्थानी समाज ट्रस्ट द्वारा होगा ध्वजारोहण कार्यक्रम



**बुरहानपुर।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजस्थानी समाज ट्रस्ट, बुरहानपुर द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अध्यक्ष कैलाश परीक राजस्थानी समाज ट्रस्ट बुरहानपुर ने बताया कि यह कार्यक्रम राजस्थान भवन के सामने वाटिका में प्रात: 8.30 बजे होगा। पवन जैन के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त समाज बंधुओं अवश्य पधार कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## बुरहानपुर पुलिस अलर्ट मोड पर : शहरी व देहात क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रहीं कड़ी नजर



**बुरहानपुर।** भारत की आजादी का पर्व 15 अगस्त संपूर्ण भारत देश में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति ही आगामी दिनांक 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया जावेगा। इस दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत् रखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामात किये गये हैं। साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चैकिंग करने व संदिग्ध गतिविधियों पर सूक्ष्म निगाहें बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार बुरहानपुर पुलिस हाई अलर्ट है और गणतंत्र दिवस से पहले बुरहानपुर शहर सहित जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की अलग.अलग पार्टियों द्वारा पैदल भ्रमण कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की सघन चैकिंग करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर सूक्ष्म निगाहें रखी जा रहीं हैं। साथ ही जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपील भी की जा रही है। साथ ही इस दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, होटलों ढाबो आदि को भी चैक किया जा रहा है। पुलिस की ओर से चैकिंग की यह कार्यवाही 15 अगस्त 2025 की पूर्व संध्या तक निरंतर जारी रहेगी।

## निलेश महाजन बने मंडल अध्यक्ष, शानदार स्वागत




**नेपानगर।** भाजपा नेता निलेश महाजन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नेपानगर मंडल अध्यक्ष पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने की सहमति से हुई। रविवार शाम पार्टी कार्यालय में निलेश महाजन का स्वागत किया गया। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद थे। गौरतलब है कि काफी समय से मंडल अध्यक्ष का पद खाली था। अब जाकर इस पद पर महाजन की नियुक्ति हुई है।

## ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 10 अगस्त रविवार को ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर में नि:शुल्क मूत्र रोग से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉण् प्रशांत खैरनार एवं डॉ निखिल तारकादे ; मूत्र रोग विशेषज्ञद्ध के द्वारा मूत्र रोग एवं पथरी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशरए एक्स. रे एवं सोनोग्राफी की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# भव्य तिरंगा यात्रा निकली, देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंजा बुरहानपुर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ष्हर घर तिरंगाष् अभियान को

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बाईक रैली में सहभागिता करते हुए जिले वासियों को हर घर तिरंगा अभियान का दिया संदेश**

जन.जन तक पहुंचाने और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के निर्देशन में राष्ट्रीय ध्वज की आन.बान.शान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा।

यह यात्रा संयुक्त कार्यालय से निकाल ली गई जो सिंधी बस्तीएलालबाग सागर टावरए शनवारा चौराहा, जय स्तंभ, मंडी चौकए गांधी चौक, कमल चौक, शिवकुमार प्रतिमा से डाकवाडीए राजपुरा गेटए बस स्टैंड होते हुए शनवारा सिंधी बस्ती चौराहै से पुन: कलेक्ट्रेट




कार्यालय में संपन्न हुई।

इस रैली में बुरहानपुर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश, एडीएम बुरहानपुर वीर सिंह चौहान, एसडीएम अजमेर सिंह गोंड, डिप्टीकलेक्टर राजेश पाटीदार, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी, थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार, थाना प्रभारी लालबाग अमित जादौन, थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महले, थाना यातायात प्रभारी राजेश बारवाल, सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, महिला अधिकारी, पुलिस अधिकारीए कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।



जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी करें, राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों पर फहराएं और देश की स्वतंत्रता एवं अखंडता के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बनाए रखें।

## नगर परिषद द्वारा मानव श्रृंखला को भारत का नक्शा बना दिया संदेश



* देश के प्रति अपने कर्त्यव, स्वच्छता और जल संरक्षण का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज, बुरहानुपर।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा हर घर स्वछता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर द्वारा संचालित हर घर तिरंगा . हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक अनूठा और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। विद्यालय के सैकड़ों छात्र.छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर मानव श्रृंखला के माध्यम से भारत का मानचित्र बनाकर देशभक्ति की एक जीवंत तस्वीर पेश की। इस विशेष कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आतिक अली सर ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को देश के प्रति कर्तव्य पालनए स्वच्छता बनाए रखने और जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलवाया। संकल्प के दौरान वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और हर चेहरा गर्व से चमकता नजर आया। कार्यक्रम में नगर परिषद शाहपुर से नोडल अधिकारी रतन सिंह रावत, सामुदायिक संगठनकर्ता भारती महाजन, हिमांशु पाटिल, हर्षल जैन एवं रमाकांत महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। रविंद्र चांदण, नरेंद्र भूते, नेहा जगताप, अर्चना बखाल, दीपक चौधरी, नवल किशोर हँकारे, एकनाथ महाजन, आकाश चौधरी, अनीता हँकारे, दुर्गा किरोचे, गौरव चौधरी तथा रोहित तायडे कृ ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन न सिर्फ विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि देशभक्ति केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी है।

## 20 गाँवों में बोल बम के जयकारों से गूंजा शाहपुर, 1500 से ज्यादा कावड़िये शामिल

**साड़स से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक और मानूसगांव से शाहपुर नगर भ्रमण।**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सोमवार को शाहपुर और नेपानगर प्रखंड में धार्मिक आस्था का ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने पूरे इलाके का माहौल शिवमय कर दिया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, जिला ब्रह्मपुर के बैनर तले, ग्राम साड़स से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक और मानूसगांव से शाहपुर नगर भ्रमण करते हुए विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई।

सुबह से ही गांव.गांव से भगवा वस्त्रों में सजे महिला.पुरुषए बच्चे और बुजुर्ग कावड़ हाथ में लिए बोल बम के जयकारे लगाते हुए जुटने लगे। करीब 20 गाँवों से आए 1500 से अधिक कावड़िये यात्रा में शामिल हुए। यात्रा जैसे ही मार्ग पर बढ़ी, श्रद्धालुओं ने जगह.जगह सड़क पर पुष्प वर्षा और फलाहारी जलपान की व्यवस्था कर भोले के भक्तों का स्वागत किया।

यात्रा में दुर्गा वाहिनी की बहनें भी कदम से कदम मिलाकर चलीं। भगवा पताका थामे और हर.हर महादेव के उद्घोष से उन्होंने माहौल को और ऊर्जावान बना दिया। छोटे.छोटे बच्चे भी अपनी नन्हीं कावड़ के साथ उत्साह से चलते रहे।

कार्यक्रम में जिला मंत्री युवराज पाटिल, प्रखंड मंत्री, संयोजक समेत जिले और प्रखंड के कई पदाधिकारी, संयोजक और बड़ी संख्या में बजरंगी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस भव्य आयोजन की जानकारी प्रचार.प्रसार प्रमुख दिनेश राठौड़ ने दी।





## श्री हनुमानजी के स्वरूप में महादेव का श्रृंगार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** महाजनपेट सत्यारा घाट स्थित वाघेश्वर महादेव मंदिर में स्थानिय समिति के युवको द्वारा महादेवजी का श्री हनुमानजी के स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

यह श्रृंगार आकर्षक और मनमोहक होकर स्थानिय भक्तो में काफी सीराहा गया। दर्शन करने वालो की संख्या बड गयी थी। उपरोक्त जानकारी भक्त पंकज सातपुते बारी द्वारा दी गई।

## बीज एवं पेस्टीसाइड विक्रेताओं के लाइसेंस किए निलंबन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** खरीफवर्ष.2025 में किसानों को उच्चगुणवत्ता का बीज प्राप्त हो सके इस हेतु कृषि विभाग द्वारा जिले में स्थित आदान विक्रेताओं से बीज के नमूने लिये जाकर बीज परीक्षण प्रयोगशाला इन्दौर को भेजे गये थे। जिनमें से भावसार एग्रो एजेन्सी बुरहानपुर का मक्का बीज किस्म आजाद.91 तथा श्रीराम कृषि केन्द्र देडतलाई का कपास बीज किस्म ए.सी.एच.177.2 एवं राज एग्रो सेन्टर देडतलाई का कपास बीज किस्म ए.सी.एच..6 बीजी, इस प्रकार 03 विक्रेताओं के बीज के नमूने अमानक स्तर के पाये जाने के फ्लस्वरूप उक्त लॉट के बीजों का जिले में क्रय विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जाकर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। कार्यवाही करते हुए तीनों विक्रताओं का लायसेंस निलंबन भी किया गया है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि इसके अलावा कीटनाशक औषधि के नमूने लिये जाकर कीटनाशक प्रयोगशाला जबलपुर को भेजे गये थे। जिनमें से किसान एग्रो एजेन्सी बुरहानपुर कंपनी एन.ए. सी. एल. इन्डस्ट्रीज लि.का लेम्डा. सायहेलोथ्रिन 4.9 प्रतिशत सीएस तथा चक्रधर स्वामी बायोटेक डोईफोडिया कंपनी डी.सी.एम श्रीराम लि. का बेनजोऐट 5 प्रतिशत एसजी एवं न्यू वर्षा एग्रो एजेन्सी जसोंदी कंपनी बॉस्टान बल्क केमिकल इंडिया प्रा.लि. का क्लोरो पायरीफास 50 प्रतिशत .सायपरमेथ्रिन 5 प्रतिशत के नमूने अमानक पाये गये। जिले में इनके क्रय.विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जाकर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया एवं तीनों कीटनाशक विक्रताओं का लायसेंस भी निलंबन किया गया है।

## इच्छापुर में छात्र एव छात्राओं द्वारा विशाल तिरंगा रैली



**नवभारत न्यूज, ईच्छापूर।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ईच्छापुर मे हर.घर.तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल के छात्र एव छात्रओं द्वारा तिरंगा रैली निकालकर ग्राम पंचायत जय स्तंभ के पास सरपंच प्रतिनिधी पूर्व सरपंच संजय पवार, ग्राम.पंचायत सदस्य अशोक महाजन के उपस्थिती में स्वच्छता की शपथ दिलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

गांव में स्वच्छता रखे, नलो का पानी व्यर्थ न बहाए, सभी इसका ध्यान रखे। इस मौके पर ग्राम पंचायत के कर्मचारी पवन डायले, सहायक सचिव मुकेश मोढे .श्रीमती भवर मेडम, महेद्र महाजन, साबीर उद्दीन, हेमलता तिवारी, रेशमा दुबे, प्रधान पाठक गजाला खान सहीत स्कूल के छात्र.छात्राए उपस्थित थी।

## राखी बंधाने गए युवक की दतिया में डूबने से मौत

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर निवासी युवक संजय वसंता कोथलकर उम्र 25 साल सलिम कालोनी बुरहानपुर द्वारा मुंह बोली बहन के यहां राखी बंधवाने ग्वालियर के पास दतिया गया था, यहा एक मंदिर में दर्शन करने के बाद पास के तालाब में ऊपर से छलांग लगाई तो नीचे ही रह गया। जिसे खेजबीनकर निकाला गया, किन्तु उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना दिनांक 10/8/2025 को सुबह 10.00 बजे की बतायी जा रही है। उक्त युवक के पिता पान दुकान पर काम करते थे। मृत युवक का अंतिम संस्कार दिनांक



12/08/2025 को सुबह 08.00 बजे उनके निवास स्थान सलिम कालोनी बुरहानपुर से शवयात्रा निकाली जाकर श्यमशान घाट पर किया जायेगा।

## संस्कार भारती ब्रह्मपुर इकाई की बैठक में प्रांत स्तरीय विषयों पर चर्चा

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** संस्कार भारती ब्रह्मपुर इकाई की साधारण बैठक रविवार को शहर के ड्रीमलैंड सिटी में आयोजित हुई। इसमें मालवा प्रांत की प्रांतीय इकाई द्वारा निर्धारित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मासिक संगोष्ठी, वार्षिक प्रतिवेदन, वार्षिक बजट, संस्कार मित्र योजना इंदौर में होने वाली प्रांत स्तरीय बैठक तथा मंचीय कला, लोक कला, कला, पुरातत्व धरोहर कला और लोक संगीत विभागों के कार्य एवं चुनौतियों पर विचार विमर्श हुआ। साथ ही 14



अगस्त को आयोजित होने वाले अखंड भारत संकल्प दिवस पर संपूर्ण वंदेमातरम गायन कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। शुभारंभ जिलाध्यक्ष ऋषि मूलतकर व पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तेलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मंचीय कला विभाग प्रमुख संदीप ठाकरे ने जिलाध्यक्ष ऋषि मूलतकर का भगवान नटराज की धातु प्रतिमा व पुष्पमाला भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मूलतकर ने कहा कि संस्कार भारती का हर कार्य भारतीय कला, संस्कृति और राष्ट्र भावना को सशक्त करने की दिशा में है और संगठन का विस्तार गांव गांव, नगर नगर तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन संदीप ठाकरे द्वारा आभार महामंत्री गोपाल बोरसे ने व्यक्त किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष दुलीचंद दहीभाते, उपाध्यक्ष संतोष परिहार, उपाध्यक्ष शिवा ब्रह्मपुरे, चंद्रकांत मूलतकर, मंत्री कृणाल मालवीय निशा मूलतकर व शैलेन्द्र मालवीय उपस्थित रहे।

### खुशियों की दास्तां

**हर घर तिरंगा .हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल ....**

# महिलाओं ने कपड़े से तिरंगा थैलियाँ बनाकर दिया स्वच्छता एवं देशप्रेम का संदेश

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच नगर परिषद शाहपुर में हर घर तिरंगा.हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में स्व.सहायता समूह की महिलाओं द्वारा देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश जन.जन तक पहुंचाने के लिए कपड़े से तिरंगा थैलियाँ तैयार की गई। यह थैलियाँ समूह की दीदी निशा हनौते, माधुरी महाजन, सविता आखरे, दीपाली मताडे., रेखा सुरडकर, हाजरा बी शे. सत्तार, सरला दुबे द्वारा तैयार की गई।

यह थैलियाँ न केवल पर्यावरण मित्र हैंए बल्कि इन पर छपे स्वच्छता के संदेश लोगों को स्वच्छ भारत की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।



विदित है कि शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नगर परिषद में रचनात्मक और जन.जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित हो रही है।

यह पहल न केवल महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरणा है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अभियान के तहत जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है। महिलायें तिरंगा बनाने के साथ.साथ समाज में स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त के महत्व को भी रेखांकित कर रही हैं। यह प्रयास अभियान को एक नया आयाम दे रहा हैए वहीं ष्स्वच्छ भारतष् के संकल्प को भी सशक्त बना रहा है।

आयोजित गतिविधियों में नगर परिषद अध्यक्ष साधना तिवारी, उपाध्यक्ष रजनी चौधरी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने के दिये निर्देश




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सोमवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समीक्षात्मक जायजा लिया गया। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा कि विभाग अपनी रैंकिंग में सुधार लायें। समीक्षा बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई इसके अलावा समाधान विषयों, सामग्र ई.केवाईसी, आवास योजना इत्यादि अन्य बिन्दुओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से राशन एवं खाद वितरण दुकानों का निरीक्षण करें। जिले में गणेश उत्सव को लेकर आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाओं के संबंध में नगर निगमए विद्युत विभागए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश की जानकारी लेकर निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।